राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

बांसवाड़ा के सागेता गांव में देखेंगे जनजाति विकास के कार्य

राज्यपाल दो दिन में तीन जिलों का दौरा करेंगे

उदयपुर में जनजाति विकास व पश्चिम सांस्कृतिक केन्द्र की बैठक लेंगे

—

जयपुर, 26 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र शुक्रवार 27 व 28 सितम्बर को बांसवाड़ा, उदयपुर और सिरोही जिले के दौरे पर रहेंगे। राज्यपाल श्री मिश्र 27 सितम्बर को प्रातः 11 बजे बांसवाड़ा पहुँचेंगे, जहां त्रिपुरा सुन्दरी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना करेंगे। राज्यपाल श्री मिश्र दोपहर 12 बजे बांसवाड़ा के जनजाति क्षेत्र के गांव सागेता में जनजाति विकास के कार्यों को देखेंगे।

राज्यपाल श्री मिश्र बांसवाड़ा से रवाना होकर 27 सितम्बर को ही दोपहर दो बजे उदयपुर पहुँचेंग। उदयपुर में राज्यपाल श्री मिश्र सर्किट हाउस में जनजाति क्षेत्र विकास और पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के अधिकारियों की बैठक लेंगे।

राज्यपाल श्री मिश्र 28 सितम्बर को प्रातः 10 बजे सिरोही जिले के आबू रोड में स्थित शांति वन में आध्यात्मिकता द्वारा एकता, शांति और समृद्धि विषय पर आयोजित वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। राज्यपाल श्री मिश्र 28 सितम्बर को दोपहर में जयपुर लौट आयेंगे।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक(जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान